# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 275 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 08 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## फार्मर आईडी से बदलेगा खेती का सिस्टम, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

### जयपुर कृषि सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की घोषणा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजधानी में आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हित में कई अहम घोषणाएं करते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्यों पर योजनाएं नहीं थोपेगी, बल्कि उन्हें अपनी जरूरत के अनुसार योजनाएं चुनने की स्वतंत्रता दी जाएगी।



उन्होंने बताया कि अब किसानों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए 'फार्मर आईडी' को आधार बनाया जाएगा। इस डिजिटल आईडी में किसान और उसकी खेती से जुड़ी पूरी जानकारी होगी तथा भविष्य में खाद वितरण भी इसी के जरिए किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसानों की आय बढ़ाने के लिए तकनीक आधारित खेती, डिजिटल मिशन और वैज्ञानिक पद्धतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही दलहन-तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता और किसानों की उपज की बेहतर कीमत सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने किसानों को राहत देते हुए कहा कि यदि किसान सरकारी एजेंसियों के माध्यम से अपनी उपज अन्य बाजारों में बेचते हैं, तो परिवहन खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी। साथ ही उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग पर चिंता जताते हुए संतुलित खेती अपनाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में किसानों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता दी जा रही है और सिंचाई व प्रोसेसिंग सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है।

## एएनटीएफ की बड़ी कार्यवाही, 850 ग्राम अफीम के साथ जोधपुर का तस्कर गिरफ्तार, सप्लाई की फिराक में था आरोपी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**(पुनित चपलोत)**

जिले में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 850 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। यह कार्रवाई शहर के संतोषी माता मंदिर रोड क्षेत्र में की गई, जहां आरोपी सप्लाई देने की तैयारी में खड़ा था।

पुलिस के अनुसार एएनटीएफ की भीलवाड़ा चौकी को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि पुलिस लाइन के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अफीम लेकर खड़ा है और उसे किसी को सप्लाई



करने वाला है। सूचना मिलते ही एएनटीएफ टीम ने गांधीनगर थाना पुलिस को साथ लेकर मौके पर दबिश दी। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, संदिग्ध युवक घबराकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 850 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान भोमाराम जाट (25) पुत्र गंगाराम जाट निवासी डूडीनगर, दुगर आगोलाई, जिला जोधपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वह अफीम कहां से लेकर आया था और भीलवाड़ा में किसे सप्लाई करने वाला था। साथ ही इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और संभावित तस्करी नेटवर्क की भी गहन जांच की जा रही है।

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी एएसआई अयुब खां सहित एएनटीएफ और गांधीनगर थाना पुलिस की टीम सक्रिय रही। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी

## भीलवाड़ा में पहली बार शिव महापुराण कथा आज से, 2100 कलशों की भव्य शोभायात्रा

### पंडित प्रदीप मिश्रा का जोरदार स्वागत, लाखों श्रद्धालुओं के लिए भव्य तैयारियां



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार आयोजित होने जा रही श्री शिव महापुराण कथा को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में 8 अप्रैल से न्यू आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में सात दिवसीय कथा शुरू होगी।

कथा से पूर्व मंगलवार शाम निकली भव्य कलश शोभायात्रा में मातृशक्ति का जनसैलाब उमड़ पड़ा। करीब 2100 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, बैंड और संत-महात्माओं की उपस्थिति ने आयोजन को भक्तिमय बना दिया। शहरभर में जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।

आयोजन स्थल पर विशाल पांडाल, कूलर-पंखे, पेयजल, मेडिकल टीम और एम्बुलेंस सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। करीब 20-20 हजार श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से समय से पहुंचने, पार्किंग नियमों का पालन करने और डिस्पोजेबल सामग्री का उपयोग नहीं करने की अपील की है।

## निजी स्कूल बस खाई में गिरी, आधा दर्जन बच्चे घायल




**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**(दिनेश पारीक )।** उपखंड क्षेत्र के बेलवा गांव के पास मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब करीब 70 स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक निजी स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाई में उतर गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने बच्चों को बस से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

इस हादसे में करीब आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। घायलों को निजी साधनों से भीलवाड़ा रेफर किया गया, जबकि अन्य बच्चों का मौके पर ही प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

बताया जा रहा है कि यह बस पारोली थाना क्षेत्र के साखड़ा गांव स्थित एक निजी विद्यालय की है। ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बच्चों को 'बाल वाहिनी' के बजाय निजी बस में क्षमता से अधिक बैठाकर लाया-ले जाया जा रहा था, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ गई।

सूचना पर कोटड़ी तहसीलदार श्रीलाल मीणा, बीसीएमओ डॉ. सुरेश शर्मा और पारोली थाना अधिकारी सियाराम मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

घायलों में रोहित पुत्र खाना जाट, बाबूलाल पुत्र कैलाश जाट, देवराज, आशीष और रोहित सहित अन्य विद्यार्थी शामिल हैं।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गत वर्ष भी इसी विद्यालय की एक जर्जर बस को परिवहन विभाग द्वारा खामियां मिलने पर सीज किया गया था, बावजूद इसके नियमों की अनदेखी जारी है।

वहीं, डीटीओ शाहपुरा अनिल कायथ ने कहा कि बिना बाल वाहिनी परमिट के अवैध रूप से वाहन संचालन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## 51 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, स्कॉर्पियो जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के कोटड़ी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 51.16 ग्राम अफीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा अंजाम दी गई।

पुलिस ने बताया की 6 अप्रैल को गश्त के दौरान संदिग्ध स्कॉर्पियो को रुकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गियर बॉक्स के पास छिपाकर रखी गई 51.16 ग्राम अफीम बरामद हुई। इसके बाद वाहन को जब्त कर मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में दिलखुश गुर्जर (27) व श्यामलाल बैरवा (25) निवासी कोदिया, थाना कोटड़ी शामिल हैं। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब आरोपियों से अफीम की खरीद-फरोख्त व सप्लाई नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

## सोशल मीडिया पर फर्जी नाम से दोस्ती कर युवती को झांसा देने वाला युवक गिरफ्तार

### शाहपुरा पुलिस की कार्रवाई, आरोपी को बेंगलुरु से पकड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शाहपुरा थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी नाम और पहचान बताकर युवती को झांसा देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया की 23 मार्च 2026 को परिवादी ने पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी पुत्री से 'आर्यन सिंह राजपूत' नाम से एक युवक ने इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क कर मित्रता की और गलत जानकारी देकर उसे मानसिक रूप से प्रभावित करते हुए शादी का दबाव बना रहा था। जांच में युवक की वास्तविक पहचान मुर्षिदुल इस्लाम लस्कर के रूप में सामने आई। मामले में पुलिस थाना शाहपुरा में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी सहायता के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को बेंगलुरु से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया।

यह कार्रवाई थाना प्रभारी सुरेश चंद के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

गिरफ्तार आरोपी असम राज्य के हैलाकांडी जिले का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# गौ सम्मान अभियान को लेकर बैठक, 27 अप्रैल को मनाया जाएगा 'गौ सम्मान दिवस'



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी**

क्षेत्र के पंडेर गांव में बागर के बालाजी मंदिर परिसर में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। साधु-संतों के मार्गदर्शन में देशभर में चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत लोगों को अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया गया।

बैठक में जिला प्रभारी घनश्याम तेली एवं कथावाचक आनंद कृष्ण के नेतृत्व में उपस्थित जनों को अभियान की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को पूरे देशभर में 'गौ सम्मान दिवस' मनाया जाएगा। अभियान के तहत गौ संरक्षण, पालन एवं संवर्धन को बढ़ावा देने, गौ हत्या पर पूर्ण रोक लगाने तथा गौ माता को मौलिक अधिकार प्रदान करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र सरकार के नाम प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।आयोजकों ने सभी गोभक्तों, सनातनी नागरिकों, साधु-संतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया, ताकि गौ माता को सम्मान दिलाने के प्रयास को व्यापक रूप दिया जा सके। इस अवसर पर गोभक्त नंदकिशोर तेली, लोकेश कुमार शर्मा, सत्यनारायण सुवालका, दिनेश तिवारी, दिनेश जांगिड़, भेरूलाल तेली, शिव वैष्णव, गोविंद शर्मा, कमलेश प्रजापत सहित बालाजी महिला मंडल की सदस्याएं मौजूद रहीं।

# चिकित्सा महाविद्यालय में नर्सेज संवर्ग के पदों को समाप्त करने के विरोध में नर्सेज यूनियन ने सौंपा ज्ञापन





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**( पुनित चपलोत )** राजस्थान में राजमेश के अधीन संचालित सात चिकित्सा महाविद्यालयों के अधीन विभिन्न संवर्गों के स्वीकृत 1267 नियमित पदों को समाप्त करने के विरोध के तहत् भीलवाड़ा जिले के 87 नर्सिंग ऑफिसर के पद मेडिकल कॉलेज से विलोपित किए जाने के संदर्भ में आज राजस्थान नर्सेज यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व मे सैकड़ों नर्सेज ने भीलवाड़ा जिला सांसद महोदय दामोदर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।। इस दौरान जिला प्रवक्ता गिरिराज लड्ढा ने बताया कि वर्तमान में 87 नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नियमित कर्मचारी पिछले 9 वर्षों से कार्यरत हे ओर हर कर्मचारी अपने विभागों में पूर्ण दक्षता से कार्य कर रहा हे।।राज्य सरकार के राजमेश में पद विलोपित के आदेश के बाद राजमेश के अधीन 7 मेडिकल कॉलेज के कुल 747 नर्सेज के पदों के विलोपन में भीलवाड़ा जिले में भी 87 नियमित नर्सेज के पद विलोपित हुए हे जिससे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।।इस संदर्भ में ज्ञापन में जिला संयोजक अमित व्यास ने सांसद महोदय जी से पद पुनर्सजन कर सभी नर्सेज को जिले में ही यथावत रखा जाए इस हेतु आग्रह किया जिस पर जिला सांसद महोदय ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए सभी मेडिकल कॉलेज नर्सेज को पूर्ण आश्वस्त किया कि इस हेतु पूर्ण वार्ता उच्च स्तर पर की जायेगी उचित समाधान निकाला जाएगा।।इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल महोदया ओर महात्मा गांधी चिकित्सालय अधीक्षक महोदय ने भी सभी नर्सेज को विलोपित पदों के पुनः सर्जन ओर वेतन संबंधी समस्याओं के बारे में पूर्ण रूप से सकारात्मक सहयोग कर पूर्ण विभागीय जानकारी साझा की।।आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में ब्लड बैंक में फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कई कर्मचारियों ने पूर्ण उत्साह के साथ रक्तदान किया इस अवसर पर राजस्थान नर्सेज यूनियन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष ललित जीनगर,उपाध्यक्ष करण सिंह दिनेश खटीक, मेडिकल कॉलेज अध्यक्ष निरंजन चंपावत, , अंकित काबरा, कुलदीप आर्य सुनील व्यास,मनोज धाकड़, नर्सिंग अधीक्षक राजकुमार शर्मा, मुकुट राज सिंह शक्तावत, नौशाद खान,अनीता चौधरी, दिनेश तिवाड़ी,विमला व्यास, अनीता खोईवाल,नीलू सीखवाल, मितवा भोला, निर्मला मीणा, विमला व्यास, प्रीति त्रिपाठी, सोहन बैरवा मुरलीधर जीनगर, सत्यनारायण दीपक सर्वा,पवन सिंगल, लाड कंवर, अनु कंवर राठौड़ के साथ सैकड़ों नर्सेज ने ज्ञापन दिया।।

# विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी साक्षरता पर सेमिनार का आयोजन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के विधिक सेवा प्रभारी बसंत पोरवाल ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी साक्षरता पर सेमिनार का आयोजन मंगलवार को किया गया।

परिवर्तनकारी मंगलवार के तहत न्यायाधीश श्रीमती शालिनी माहेश्वरी द्वारा कानूनी साक्षरता एवं साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी प्रदान की एवं छात्राओं को सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रकार की फर्जी ऐप से सावधान रहने का आव्हान किया व विभिन्न हेल्पलाइन की जानकारी प्रदान की कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा विश्नोई द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों का आभार प्रदान किया

# रेड़वास बालाजी महाराज पर प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के रेड़वास गांव में मंगलवार को बालाजी मंदिर में प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया । महावीर जाट ने बताया कि बजरंग दल के द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया । जिसमे 12 वीं में कोमल सुथार ( 92.40 ), निशा कंवर ( 84.40 ) व फूल कुमारी लोहार ( 84.40 ) और 10वीं में आजादी कुमारी जाट ( 83.17 ), आनंद कंवर पुरावत ( 75.50 ) व खुशी कीर ( 72.17 ) को माला पहनकर मोमेंट तो देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान लक्ष्मी नारायण टेलर, हरिशंकर शर्मा, राजेंद्र कुमार तेली, रामपाल लोहार, अंबालाल सुथार, चोथू कीर, नीरज साहू, राजेंद्र सिंह पुरावत, महावीर सुथार, निर्मला टेलर, भूला देवी जाट, ज्योति सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे ।।

# जाम पर प्रशासन सख्त, नियम तोड़ने वाली 5 बसों पर कार्रवाई

## रामद्वारा बस स्टैंड के बाहर अव्यवस्था पर चला डंडा, आगे भी अभियान जारी रहेगा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

शहर में लंबे समय से बनी यातायात अव्यवस्था को लेकर आखिरकार प्रशासन हरकत में आ गया है। रामद्वारा बस स्टैंड के बाहर लगातार लग रहे जाम और अव्यवस्थित बस संचालन को लेकर परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए नियमों की अनदेखी करने वालों पर शिकंजा कसा है।

जनप्रतिनिधियों द्वारा इस समस्या को लेकर पहले ही शिकायत दर्ज कराई जा चुकी थी, जिसके बाद प्रशासनिक स्तर पर निर्देश जारी हुए और मौके पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

निर्देशों के तहत परिवहन अधिकारी अनिल कायथ और इंस्पेक्टर विवेक सिरोठा टीम के साथ रामद्वारा बस स्टैंड पहुंचे। यहां जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर पांच प्राइवेट बसों के चालान बनाए गए।

परिवहन अधिकारी अनिल कायथ ने बताया कि शहरवासियों को जाम से राहत दिलाना प्राथमिकता है। इसके लिए बस संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे नगर पालिका द्वारा निर्धारित अस्थायी बस स्टैंड से ही बसों का संचालन और ठहराव करें।



# गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा, शादी-ब्याह में सिलेंडर उपलब्धता और PNG विस्तार पर जोर



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राज्य में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) कनेक्शनों के विस्तार को गति देने के उद्देश्य से मंगलवार को मंत्रालय भवन में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने की, जिसमें विभागीय वरिष्ठ अधिकारी और ऑयल-गैस मार्केटिंग कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक में प्रदेशभर में घरेलू और वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण प्रणाली और मांग-आपूर्ति संतुलन पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में राज्य में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है, वहीं वाणिज्यिक उपयोग के लिए भी मांग के अनुरूप सप्लाई लगातार बढ़ाई जा रही है। गैस कंपनियों ने जानकारी दी कि औसतन 4.5 दिन के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है।

बैठक में आमजन को राहत देने के लिए विवाह समारोहों में गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अहम निर्णय लिया गया। मंत्री गोदारा ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में शादी समारोह के लिए 19 किलो के दो वाणिज्यिक सिलेंडर और शहरी क्षेत्रों में तीन सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं।

इसके लिए उपभोक्ताओं को विवाह का कार्ड संलग्न कर संबंधित जिला रसद अधिकारी (DSO) को आवेदन करना होगा। आवेदन मिलने के बाद डीएसओ संबंधित गैस एजेंसी से समन्वय कर सिलेंडरों की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा, ताकि समारोह के दौरान ईंधन की कोई कमी न हो। बैठक में पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) के विस्तार को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने अधिकारियों और गैस कंपनियों को निर्देशित किया कि नए क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने, अधिक से अधिक कनेक्शन जारी करने और आमजन व उद्योगों को PNG के फायदे के प्रति जागरूक करने के लिए प्रभावी अभियान चलाए जाएं।पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना e-KYC के किसी भी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर की डिलीवरी न की जाए। इससे पात्र उपभोक्ताओं को ही लाभ मिल सकेगा और सिस्टम में गड़बड़ी की संभावना कम होगी।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि नवगठित नगरपालिकाओं को ग्रामीण क्षेत्र की श्रेणी में नहीं रखा जाए, क्योंकि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गैस बुकिंग और डिलीवरी के नियम अलग-अलग होते हैं। बैठक के दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि प्रदेश में PNG विस्तार के लिए लगातार काम किया जा रहा है और आने वाले समय में इसके दायरे को और बढ़ाया जाएगा।

# भीलवाड़ा-मथुरा के बीच नई रोडवेज बस सेवा शुरू

## विधायक अशोक कोठारी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ, यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला मुख्यालय से मथुरा के बीच सीधी बस सेवा की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए नई रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय बस स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अशोक कुमार कोठारी ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शुभारंभ से पूर्व दुर्गा माता मंदिर के पुजारी सत्यनारायण कुदाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। इस मौके पर विधायक कोठारी ने बस में सवार यात्रियों को शुभयात्रा की मंगलकामनाएं दीं।

विधायक कोठारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा रोडवेज को 14 नई बसें उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें 5 सेमी डीलक्स, 4 वातानुकूलित (एसी) और 5 एक्सप्रेस बसें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा-मथुरा के बीच शुरू की गई यह सेवा यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी और आवागमन को अधिक सुगम बनाएगी।

इस सौगात के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का आभार व्यक्त किया।

यह सेमी-डीलक्स 2X2 बस सेवा प्रतिदिन सुबह 6:45 बजे भीलवाड़ा से रवाना होकर देवली, टोंक, लालसोट, दौसा, सिकंदरा, मेहंदीपुर बालाजी, नगर, डीग और गोवर्धनजी होते हुए मथुरा पहुंचेगी। इसके बाद बस मथुरा से पुनः भीलवाड़ा के लिए रवाना होगी।

कार्यक्रम की शुरुआत में रोडवेज के मुख्य प्रबंधक निरंजन शर्मा, यातायात प्रबंधक अभिषेक सैनी, वित्त प्रबंधक प्रदीप जीनगर, संचालन प्रबंधक मनोहर सिंह एवं श्रम अधिकारी दीपिका शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संजय राठी, चेतन मानसिंहका, दिनेश सुथार और करण सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।





QUICK BITES

## हौसले की जीत: नीरज राजवानी ने पाई सरकारी नौकरी

**तीन बार असफलता के बाद भी नहीं मानी हार, युवाओं के लिए बने प्रेरणा**

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचंद पेसवानी**



जहां अधिकांश युवा पारिवारिक परंपरा के अनुसार व्यवसाय की राह चुनते हैं, वहीं शाहपुरा के सिंधी समाज के युवा नीरज राजवानी ने अलग रास्ता चुनकर यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादों से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है।

नीरज की कहानी संघर्ष, धैर्य और आत्मविश्वास की प्रेरणादायक मिसाल है। छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बावजूद उन्होंने परिस्थितियों के आगे हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य पर डटे रहे।

करीब तीन वर्ष पूर्व वे अपने सपनों को साकार करने के लिए जयपुर में तैयारी कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सरकारी सेवा में चयन को अपना लक्ष्य बनाया और उसी दिशा में निरंतर प्रयास करते रहे।

इस सफर में उन्हें कई असफलताओं का सामना करना पड़ा। जूनियर अकाउंटेंट के फाइनल परिणाम में कुछ अंकों से चूक गए, संगणक परीक्षा में मेरिट में स्थान नहीं बना पाए और असिस्टेंट प्रोफेसर के इंटरव्यू तक पहुंचकर भी चयन से वंचित रह गए।

लगातार तीन बड़े झटकों के बावजूद नीरज ने हार नहीं मानी और हर असफलता से सीख लेकर खुद को और मजबूत किया। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और 1 अप्रैल 2026 को उनका चयन स्कूल व्याख्याता के पद पर हो गया।

नीरज का कहना है कि अगर एक रास्ते पर सफलता न मिले तो दूसरा रास्ता अपनाना चाहिए, लेकिन प्रयास कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उनकी यह सफलता कहानी आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो असफलताओं से निराश हो जाते हैं।

## पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागृति सप्ताह के अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागृति सप्ताह के अंतर्गत बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाने के उदेश्य से नगेन्द्र कुमार तोलम्बिया उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पांसल में जागरूता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र से केन्द्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने बालिकाओं को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, सखी वन स्टॉप सेन्टर व महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, पन्नाधाय सुरक्षा व सम्मान केन्द्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षा के महत्व और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया। विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल ने बाल विवाह बच्चो के भविष्य, स्वास्थ्य और शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, इस लिए इसे रोकना समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। सामाजिक परामर्शदाता सीमा शर्मा ने बालिकाओं को गुड-टच बेड-टच के बारे में बताया गया। मनोसामाजिक परामर्शदाता सुनिता शर्मा ने बताया कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले तो तुरन्त संबंधित प्रशासन को सूचना दे ताकि समय रहते इसे रोका जा सकें।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लता सारस्वत व अध्यापिका सजल वैष्णव व ज्योति शर्मा, सीमा शर्मा ने अपने विचार रखे इस दौरान विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यालय की बालिकाये उपस्थित रहीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# इतिहासकार सज्जन पोसवाल का बिजोलिया दौरा, ऐतिहासिक स्थलों पर किया नमन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग की सदस्य, प्रसिद्ध इतिहासकार श्रीमती सज्जन पोसवाल उदयपुर जाते समय संस्कार भारती सीनियर सेकेंड्री स्कूल में आए, जहाँ स्कूल के निदेशक आदर्श सोनी ने उनका स्वागत किया। स्कूल में राजपरिवार से मृत्युंजय सिंह , हर्षेदा कवर, शक्ति नारायण शर्मा, पायल लूनीवाल, कन्हैयालाल शर्मा आदि ने उन्हें बिजोलिया किसान आंदोलन तथा बिजोलिया के इतिहास की जानकारी दी।

सज्जन पोसवाल ने उमाजी का खेड़ा में माणिक्य लाल वर्मा तथा बिजोलिया में पथिक पार्क में पथिक की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। जहां उमाजी का खेड़ा में भूरालाल धाकड़ के परिवार तथा स्कूल स्टाफ न तथा बिजोलिया में गोपाललाल शर्मा के परिजनों ने भी उनका स्वागत किया।

सज्जन पोसवाल ने देव डूंगरी स्थित देव नारायण भगवान के दर्शन भी किए, जहाँ पर मकेश गुजर, महेंद्र गुजर आदि ने उनका स्वागत किया। पोसवाल बिजोलिया के प्राचीन राजमहल का भी भ्रमण किया, जहाँ राज परिवार के सोभाग्य सिंह ने उनका स्वागत सत्कार कर बिजोलिया के इतिहास की जानकारी दी।

# भीलवाड़ा में ट्रस्ट की पहल: बाँसवाड़ा में धर्म जागरण हेतु 2.03 लाख की सहायता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



**मूलचंद पेसवानी ।** समाज सेवा और धार्मिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए हंसगंगा हरि शेवा चैरिटेबल ट्रस्ट, भीलवाड़ा ने बाँसवाड़ा जिले में धर्म जागरण के लिए 2 लाख 3 हजार 500 की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह राशि भारत माता भक्ति धाम, बाँसवाड़ा की अपील पर हनुमान प्रतिमाओं की स्थापना के लिए दी गई।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज ने बताया कि बाँसवाड़ा परियोजना के प्रमुख धर्मराज द्वारा पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई थी कि संस्थान जनजाति बहुल क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सांस्कृतिक चेतना के लिए कार्य कर रहा है। इसके तहत 600 से अधिक गांवों में मंदिर स्थापना और 750 गांवों में भजन मंडलियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

भारत माता भक्ति धाम द्वारा तीन-तीन फीट की 51 हनुमान प्रतिमाओं के निर्माण व परिवहन हेतु सहयोग मांगा गया था। इस पर त्वरित निर्णय लेते हुए ट्रस्ट ने मंगलवार को सहायता राशि का चेक भेंट किया। प्रतिमाएं शीघ्र तैयार होकर स्थापित की जाएंगी।


इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देना है। स्थानीय लोगों और धार्मिक संगठनों ने ट्रस्ट के इस योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर संत मायाराम, संत गोविंदराम, ब्रह्मचारी मिहिर, विभाग संघचालक चाँदमल सोमानी, लघु उद्योग भारती राजस्थान के संयुक्त महामंत्री रविंद्र कुमार जाजू, विश्व हिन्दू परिषद महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बहेड़िया, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख विनीत द्विवेदी सहित ईश्वरलाल आसनानी, अम्बालाल नानकानी, हीरालाल गुरनानी, यश गिधवानी व हंसगंगा हरि शेवा भक्त मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

# रामनिवास धाम में महाप्रभु रामचरणजी का 228वां पुण्योत्सव श्रद्धा-उल्लास के साथ सम्पन्न

**पांच दिवसीय आयोजन में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, भक्ति में डूबा रामनिवास धाम**





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी।** शाहपुरा का रामनिवास धाम इन दिनों भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया, जब स्वामी रामचरणजी महाराज का 228वां पुण्योत्सव समारोह पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पांच दिवसीय इस आध्यात्मिक आयोजन का सोमवार को भव्य समापन हुआ, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम संप्रदाय के कार्यवाहक भंडारी नवनीध राम महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। सुबह की शुरुआत आरती-वंदना, ब्रह्म समाधि व राम पद्धति पाठ से हुई। इसके बाद रामनाम जप और भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों ने पूरे धाम को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। रामस्नेही गुरुकुल के बटूकों ने अपने सुमधुर पाठ और प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में महाप्रभु के स्तंभजी का विधिवत पूजन-अर्चन संत नवनीध राम महाराज एवं समाजसेवी सूर्यप्रकाश बिड़ला के सानिध्य में किया गया। इसके पश्चात महाआरती वंदना में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां हर कोई भक्ति में लीन नजर आया।

इस अवसर पर संत नवनीध राम महाराज ने महाप्रभु रामचरणजी की 'अणभैवाणी' की साखियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिखाया गया भक्ति मार्ग आज भी सनातन धर्म की आत्मा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे दूध में घी का विशेष महत्व होता है, वैसे ही जीवन में भक्ति का स्थान सर्वोपरि है।

समारोह में सेवा भाव की भी अनूठी मिसाल देखने को मिली। समाजसेवी सूर्यप्रकाश बिड़ला की ओर से 25 जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री के किट वितरित किए गए, वहीं मुख्य द्वार पर प्रसादी वितरण का आयोजन भी हुआ, जिससे हर श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम में रामगोपाल सोमाणी, लालूराम जागेटिया, महावीर तोशनीवाल, कैलाशचंद्र तोषनीवाल, रामेश्वरलाल बसेर, दीनदयाल मारू, डॉ. कैलाश मंडेला, राकेश सोमाणी, महावीर जागेटिया और नारायण सिंह राठौड़ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मावकाश कटौती के विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शिविरा पंचांग 2026-27 में ग्रीष्मावकाश एवं संस्था प्रधान द्वारा घोषित अवकाश में कटौती के विरोध में राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के आह्वान पर जिलेभर के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया।

संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा एवं जिलामंत्री महेश मंडोवरा ने बताया कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों और भीषण गर्मी को देखते हुए जून माह में विद्यालय खोलना अव्यावहारिक है। साथ ही स्थानीय एवं क्षेत्रीय आयोजनों में विद्यार्थियों की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए संस्था प्रधान को अवकाश घोषित करने का प्रावधान आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के इस निर्णय के विरोध में जिलेभर के सैकड़ों शिक्षकों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए नियमित ड्यूटी भी निभाई।

प्रदेश संगठन मंत्री लीलाधर तिवारी ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में 20 अप्रैल को प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# तेज आंधी-बारिश से फसलों को नुकसान, कई गांवों की बिजली ठप, सड़कों में पेड़ गिरे

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**



सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार सुबह सावर-घटियाली क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज ठंडी हवाओं के साथ रुक-रुक कर हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन बेमौसम बारिश किसानों पर भारी पड़ गई।

क्षेत्र में कटी हुई फसलें गेहूं, जौ, चना और सरसों बारिश और तेज हवाओं की चपेट में आकर बर्बाद हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है।

घटियाली और सावर क्षेत्र में इस सीजन की पांचवीं मावठ दर्ज की गई। दिनभर रुक-रुक कर तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर चलता रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। सावर कस्बे में दो-तीन बार तेज बारिश होने से सड़कों पर पानी बह निकला, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं और बारिश के कारण बिसुंदनी,कुशायता,गोरधा, नापाखेड़ा, पाड़लिया, कालाखेत, निमेड़ा, रात्या और बाढ़ का झोपड़ा सहित कई गांवों में दोपहर तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

तेज आंधी के चलते अजमेर-कोटा राजमार्ग पर दोपहर में एक बड़ा नीम का पेड़ गिर गया, जिससे करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। हालांकि उस समय वाहनों की आवाजाही कम होने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बाद में ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन की मदद से पेड़ हटाकर यातायात को सुचारु किया।

# बालिकाओं को साइबर सुरक्षा का दिया संदेश, बापू नगर स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

## जज ग्रीष्मा शर्मा ने सोशल मीडिया, ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव के बताए तरीके

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापू नगर में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक सहायता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्यायिक मजिस्ट्रेट ग्रीष्मा शर्मा ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन फ्रॉड, फेक प्रोफाइल, साइबर बुलिंग, फोटो मॉर्फिंग और डिजिटल अरेस्ट जैसे बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए।





उन्होंने कहा, 'मोबाइल और इंटरनेट आज की जरूरत हैं, लेकिन बिना सावधानी के ये जोखिम भी बन सकते हैं। किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ह्ळ्क्क साझा न करें और साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं। '

साथ ही उन्होंने पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध कानून और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर बालिकाओं को डिजिटल युग में सुरक्षित और सजग रहने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12वीं तक की 200 से अधिक छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस दौरान न्याय विभाग से ओमप्रकाश गुर्जर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता जोशी ने किया। अंत में छात्राओं को विधिक साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए।

# जज श्याम शर्मा बने 'शिक्षक', बच्चों को दी साइबर सुरक्षा की सीख

## विधिक जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को ऑनलाइन खतरों से किया आगाह

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्याम शर्मा मंगलवार को विद्यार्थियों के बीच 'शिक्षक' बनकर पहुंचे। विधिक जागरूकता अभियान के तहत उन्होंने छात्रों को साइबर सुरक्षा की बारीकियां समझाते हुए ऑनलाइन खतरों से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर बुलिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, फेक प्रोफाइल और डिजिटल अरेस्ट जैसे विषयों पर जागरूक करते हुए सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के टिप्स दिए।




इस दौरान संस्था प्रधान शम्भू सेन ने बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रहने की सलाह दी और साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया। वहीं व्याख्याता सुनील बडौला ने सोशल मीडिया का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी।कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भगवान महावीर के अहिंसा संदेश को अपनाना जरूरीः ओम बिरला


## सिंगोली में पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल हुए लोकसभा अध्यक्ष, मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने दिए प्रवचन

**भीलवाड़ा फोकस @ सिंगोली**

**विकास जैन**

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संतों के माध्यम से ही व्यक्ति के जीवन की दिशा तय होती है और उनके उपदेशों से भगवान महावीर के विचारों को आत्मसात किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक शांति के लिए भगवान महावीर के अहिंसा के संदेश को अपनाना आवश्यक है।

उन्होंने श्री मज्जिनेद्र 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज द्वारा रचित पुस्तकों का विमोचन भी किया तथा उन्हें शास्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।





मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, जहां किसान परिश्रम करता है। उन्होंने पशुपालन के संदर्भ में विचार रखते हुए कहा कि गो-रक्षा जैसे कार्य उचित हैं, लेकिन मत्स्य पालन और मुर्गी पालन को पशुपालन से अलग करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने देश में मांस निर्यात कम करने पर भी जोर दिया।

महोत्सव के समापन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए नवनिर्मित मंदिर पहुंची, जहां भगवान की प्रतिमा विधिवत विराजमान की गई।

इस अवसर पर कोटा भाजपा अध्यक्ष राकेश जैन, सांसद सुधीर उपाध्याय, विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, सुरेश चंद्र धाकड़, अशोक कोठारी, भाजपा नेता शंभू सिंह सोलंकी, राधेश्याम बैरागी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन की 'सक्सेस सेलिब्रेशन पार्टी' उत्साह के साथ सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन द्वारा आयोजित 'सक्सेस सेलिब्रेशन पार्टी' बड़े ही उत्साह, गरिमा एवं आत्मीय वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र के मंगल उच्चारण के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

कार्यक्रम में सचिव प्रमिला गोखरू ने फेडरेशन सूत्र का वाचन किया।

अध्यक्ष पुष्पा गोखरू ने सभी संगिनी बहनों का स्वागत करते हुए वर्षभर आयोजित सफल कार्यक्रमों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'हमने केवल कार्यक्रम नहीं किए, बल्कि एक वर्ष में इतिहास रचा है। '

सचिव प्रमिला गोखरू ने गत वर्ष का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, वहीं कोषाध्यक्ष शकुन्तला साँखला ने पूरे वर्ष के आय-व्यय का पारदर्शी ब्यौरा रखा।



जेएसजी मेन के अध्यक्ष प्रदीप साखला ने संगिनी टीम के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष निर्मल खजांची, महावीर मेहता एवं बलवीर डागलिया ने भी अपने विचार व्यक्त कर टीम का उत्साहवर्धन किया तथा आगामी वर्ष के लिए शुभकामनाएं दीं।

मनीष बम्ब ने बताया कि कार्यक्रम में अनिता डांगी एवं किरण मेहता द्वारा भगवान महावीर की जीवनी पर प्रश्न-पत्र प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके पश्चात अनिता डांगी एवं प्रियंका चौधरी द्वारा धार्मिक हाउजी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## QUICK BITES

### भीलवाड़ा में PNG विस्तार की समीक्षाः 4406 परिवारों से LPG कनेक्शन सरेंडर कराने के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने भीलवाड़ा शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) के विस्तार कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

समीक्षा के दौरान जिला कलक्टर ने बताया कि शहर में वर्तमान में 2842 परिवार PNG का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर नहीं किए हैं, जो उचित नहीं है। इस पर उन्होंने सभी संबंधित परिवारों से शीघ्र एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करवाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, 1564 ऐसे परिवार भी चिन्हित किए गए हैं, जिनके किचन तक अडानी गैस द्वारा PNG कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है, लेकिन एलपीजी कनेक्शन सरेंडर नहीं करने के कारण PNG आपूर्ति प्रारंभ नहीं हो सकी है। ऐसे उपभोक्ताओं से भी तत्काल एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार एलपीजी सेल्स ऑफिसर को उपभोक्ताओं की सूची प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहाहै।

इस प्रकार कुल 4406 परिवारों से शीघ्र एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करवाने हेतु कार्ययोजना बनाकर अमल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि PNG एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल ईंधन है, जिसकी उपलब्धता भी पर्याप्त है। उन्होंने आमजन से एलपीजी के स्थान पर PNG को प्राथमिकता देने की अपील की।साथ ही, औद्योगिक इकाइयों, होटलों एवं रेस्टोरेंट्स में भी PNG के उपयोग को बढ़ावा देने तथा नगर निगम के ऑटो टिपर के माध्यम से आमजन में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए।

### बाबा साहेब जयंती पर आज लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी द्वारा बुधवार को नगर में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन 'रक्तदान जागरूकता पखवाड़ा' के तहत किया जा रहा है।

सोसायटी के सचिव शंकर लाल गाडरी ने बताया कि शिविर राजभवानी वाटिका पर सुबह 8:15 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने युवाओं व नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में रक्त की कमी को देखते हुए यह शिविर थैलेसीमिया मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों व जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी साबित होगा। एकत्रित रक्त सरकारी ब्लड बैंक को सौंपा जाएगा।

### चांद जी की खेड़ी स्कूल में साइकिल वितरण, छात्राओं में खुशी की लहर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**



**नरेश धाकड़।** मुख्यमंत्री निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत उपखंड क्षेत्र के चांद जी की खेड़ी स्थित राजकीय सीनियर सेकंडरी विद्यालय में मंगलवार को कक्षा 9वीं की 13 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशासक मोहन लाल धाकड़ उपस्थित रहे। उनके हाथों छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। इस अवसर पर उपसरपंच कैलाश चंद्र धाकड़, मीटू सिंह, राजू सिंह एवं धर्मराज धाकड़ सहित विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए नियमित अध्ययन और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

### चंवरा हनुमान मंदिर का दानपात्र खुला, 1.95 लाख से अधिक राशि निकली

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।**



मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा हनुमान जी मंदिर में मंगलवार को दोपहर 1 बजे महा आरती के पश्चात दानपात्र खोला गया। दानपात्र से कुल 1 लाख 95 हजार 917 रुपये की राशि प्राप्त हुई। दानराशि की गिनती मंदिर निर्माण समिति एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष बालूराम अहीर, उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर सहित दिनेश पोरवाल, लादू लाल गुर्जर, सत्यनारायण लड्ढा, मोहन सिंह, लक्ष्मण सिंह, सोहन गाडरी, तारा शंकर जायसवाल, नारायण गुर्जर, गोदु धाकड़ एवं अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग मंदिर के विकास एवं व्यवस्थाओं में उपयोग किया जाएगा।

### आदर्श विहार में घर में घुसा कब्र बिज्जू, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

आदर्श विहार क्षेत्र में एक घर के अंदर कब्र बिज्जू (जंगली जीव) दिखाई देने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग व सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार आदर्श विहार निवासी राधेश्याम धाकड़ के घर की छत पर बने कमरे में यह जीव दिखाई दिया। परिवार ने उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं होने पर वन विभाग को सूचना दी गई।



मौके पर वनरक्षक रूपेंद्र सिंह पुरावत, सोहनलाल व मनोहर लाल सालवी तथा सिविल डिफेंस स्वयंसेवक नारायण लाल बैरवा पहुंचे। टीम ने कमरे में छिपे कब्र बिज्जू को सुरक्षित पकड़कर आबादी क्षेत्र से दूर वन क्षेत्र में छोड़ दिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।